# उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद्, देहरादून।

पता–अल्पसंख्यक कल्याण भवन बी0 ब्लॉक, शहीद भगत सिंह कालोनी, निकट छात्रावास, अधोईवाला, देहरादून।

फोन/फैक्स नं0 0135–2975456 website www.ukmadarsaboard.org.in, email-ukmadarsaboard@gmail.com


---

पत्रांकः 655 /उ.म.शि.प./संशोधित/अ.फा.परीक्षा–2025/2025–2026 दिनांक 08 दिसम्बर, 2025

सेवा में,

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी,
देहरादून/हरिद्वार/ऊधमसिंहनगर/नैनीताल।

विषयः– **शैक्षिक सत्र 2025–26 की परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन फार्म की तिथि संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद्, की अरबी फारसी परीक्षा के शैक्षिक सत्र वर्ष–2026 की मुंशी/मौलवी एवं आलिम के परीक्षा फार्म की तिथिा को मदरसा प्रबन्धकों के अनुरोध किये जाने के उपरांत दिनांक 05 दिसम्बर, 2025 तक विलम्ब शुल्क के साथ की अन्तिम तिथि निर्धारित की गई थी।

**2.** प्रकरण से अवगत कराना है अरबी फारसी परीक्षा वर्ष–26 हेतु आवेदन फार्म ऑनलाईन भरे जाने का कार्य गतिमान है, विभिन्न मदरसा प्रबन्धकों द्वारा पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया है कि कुछ छात्र–छात्राऐं फार्म भरने से वंचित रह गये हैं। जिस हेतु अरबी फारसी परीक्षा वर्ष–2026 के मुंशी/मौलवी एवं आलिम के परीक्षार्थियों के ऑनलाईन आवेदन फार्म की तिथि को बढायें जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः सम्यक विचारोपरांत छात्र–छात्राओं के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए लिये गये निर्णय के कम में अरबी फारसी परीक्षा वर्ष 2025–26 के आवेदन फार्म विलम्ब शुल्क के साथ भरे जाने की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर, 2025 तक बढायी जाती है। यह भी अवगत कराना है कि उक्त विस्तारित तिथि के पश्चात अरबी फारसी परीक्षा वर्ष 2025–26 के परीक्षा आवेदन फार्म भरे जाने हेतु किसी भी प्रकार से तिथि विस्तारित नही की जायेगी। इसके अतिरिक्त दिनांक 20 दिसम्बर, 2025 तक भरे हुये आवेदन फार्म चालान के साथ अपने–अपने ज़िले में जमा कराने होंगे तथा ज़िलों द्वारा आवेदन फार्म चालान के साथ दिनांक 26 दिसम्बर, 2025 तक कार्यालय उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद, देहरादून को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराये जायें, संशोधित कार्यकम को अन्तिम निर्णय माना जाये तथा इस संबंध में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले मदरसों को भी अवगत कराया जाये, तथा उक्त विस्तारित तिथि के पश्चात अरबी फारसी परीक्षा वर्ष 2025–26 के परीक्षा आवेदन फार्म भरे जाने हेतु किसी भी प्रकार से तिथि विस्तारित नही की जायेगी। उपरोक्त केअुसार आवेदन पत्र ऑन लाईन भरे जाने की विस्तारित तिथि के सम्बन्ध में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले मदरसा संचालकों को भी सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी)**
उप रजिस्ट्रार

**पृष्ठांकन सं0:          /तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मा0 अध्यक्ष, उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा परिषद्, देहरादून।
2. विशेष सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, अरबी फारसी परीक्षा 2025–26 में सम्मिलित समस्त मदरसे।
5. श्री राकेश खण्तवाल, आर्क सोल्यूशन,ई–7, नेहरू कॉलोनी, धर्मपुर, देहरादून को इस निर्देश के साथ कि ऑन लाईन फार्म भरे जाने हेतु विस्तारित तिथि 15 दिसम्बर, 2025 तक पोर्टल को Open/Update रखें।

**(मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी)**
उप रजिस्ट्रार